हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 7 अगस्त 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मानसिक विक्षिप्त नाबालिग से दुष्कर्म के...



08 राखी बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़, गंजबाजार...



## खबर संक्षेप

### करारिया व नटेरन में जन सुरक्षा कैंप आज

**विदिशा।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ग्राम करारिया एवं नटेरन में आज गुरुवार को विशेष जन सुरक्षा कैम्प आयोजित किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली तथा भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल नेटवर्क 1 के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति इन जन सुरक्षा कैंपों में शामिल होंगे। ये कैंप दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। नटेरन के जनपद पंचयत भवन में सुबह 10.30 बजे तथा ग्राम करारिया के करारिया चौराह जादौन वेयर हाउस परिसर में दोपहर 12 बजे से शुरू होंगे।

### पुरस्कार के प्रस्ताव 8 तक उपलब्ध कराएं

**विदिशा।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर पुरस्कार के लिए आवेदन शुक्रवार 8 अगस्त तक किए जा सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी संजय बिटौलिया ने बताया कि मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के प्रस्ताव जिलाधिकारियों को प्रेषित करने पत्र लिखा है। प्रारूप प्रस्ताव में जिलाधिकारी स्वयं का नाम पुरस्कार के लिए अनुंशसा नहीं करेंगे।

### विदिशा एसडीएम को ग्यारसपुर का प्रभार

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्यारसपुर एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय का स्थानांतरण हो जाने पर ग्यारसपुर एसडीएम का दायित्व विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा को सौंपा है। प्रशासकीय कार्यों की सुविधा दृष्टि से क्षितिज शर्मा को खण्ड मजिस्ट्रेट विदिशा के साथ-साथ अन्य आगामी आदेश तक ग्यारसपुर उपखंड मजिस्ट्रेट के दायित्व का भी निर्वहन करेंगे। एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय का स्थानांतरण अपर कलेक्टर रायसेन के पद पर हुआ है।

### ओलम्पस के भविष्य ने जीता कांस्य पदक



**विदिशा।** भोपाल में हुए सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थी भविष्य भार्गव ने डिस्कस थ्रो अंडर 19 के फाइनल में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बताया कि इस कड़े मुकाबले में जिसमें 50 से भी अधिक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया था। भविष्य भार्गव अपने प्रतिद्वंदी डेली कॉलेज इंदौर के अंगद और सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के दीपराज से बस कुछ ही सेंटीमीटर दूरी पर रहे। अपनी मेहनत के बल पर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने भी भविष्य को उनकी इस सफलता पर बधाई दी है।

### 55 जिलों में जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे

**विदिशा।** युवा ब्राह्मण विकास परिषद ने बुधवार को प्रेसवार्ता आयोजित आगामी रणनीति उजागर की। दोपहर 3 बजे प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संगठन के पुनर्गठन और ब्राह्मण समाज की राजनीतिक-सामाजिक उपेक्षा पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने बताया कि मप्र के 55 जिलों में जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे और समाज को सशक्त बनाने कार्य किए जाएंगे।

### महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में लगाए 60 पौधे

**विदिशा।** बुधवार को महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 60 पौधे लगाए गए। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृत्व को सम्मान देना है।

## 25 हेक्टेयर जंगल की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया

**कक्ष क्रमांक 303 व 313 में लगातार कब्जों की शिकायतें मिल रही थीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी तहसील में वन विभाग ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 25 हेक्टेयर जंगल की जमीन को अवैध कब्जे से छुड़ाया। यह अभियान वन विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मिलकर चलाया।

यह कार्रवाई डीएफओ हेमंत यादव के निर्देश पर और रेंज ऑफिसर विवेक चौधरी के नेतृत्व में की गई। कक्ष क्रमांक 303 और 313 में लंबे समय से अवैध कब्जों की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते यह अभियान चलाया गया। मंगलवार सुबह टीम जेसीबी मशीनों के साथ पहुंची और अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। इस दौरान कई अवैध निर्माण गिराए गए। रेंज ऑफिसर ने बताया कि यह कदम जंगल की जमीन को बचाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी था। पूरी कार्रवाई शांति से हुई और किसी ने विरोध नहीं किया।



**विदिशा।** कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी संख्या में वन अमला मौजूद रहा।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

डीएफओ हेमंत यादव ने कहा कि वन विभाग की प्राथमिकता जंगलों की सुरक्षा है और भविष्य में भी अवैध कब्जों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस अभियान का समर्थन किया और इसे एक अच्छा कदम बताया। वन विभाग ने बताया कि खाली कराई गई जमीन पर आगे चलकर पेड़ लगाए जाएंगे।

## राजस्व अधिकारियों की न्यायालय प्रक्रिया को अलग करने का विरोध



**विदिशा।** कार्यालय के बाहर बैठकर विरोध दर्ज कराते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूरे प्रदेश के सभी जिले के साथ तहसीलदार और नायब तहसीलदार सरकार के उस फैसले के विरोध में लामबंद हुए हैं जिसमें सरकार ने राजस्व अधिकारियों के लिए न्यायालय प्रक्रिया अलग करने और अन्य कार्यों को अलग करते हुए अन्य अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है। प्रदेश के 22 जिलों में इस नियम को लागू भी किया गया है। विदिशा जिले की सभी 11 तहसीलों में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने इसका विरोध किया है। विरोध स्वरूप बुधवार को अपने डोंगल जमा कर दिए।

राजस्व कार्य के लिए जो वाहन इन अधिकारियों को शासन द्वारा दिए गए हैं वह भी जमा किए जा रहा हैं। तहसीलदार प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार निधि लोधी ने बताया कि सिर्फ आपातकालीन कार्य ही राजस्व अधिकारी करेंगे।

**नगर पालिका की बैठक में शहर विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान लिए निर्णय**

## 7 संविदा कर्मियों को समयावधि बढ़ेगी फुटपाथ पर लगाए जाएंगे पेवर ब्लॉक

**लंबे समय से अधूरे पड़े पीएम आवास योजना के भवनों को पूर्ण कराने फिर से निविदा निकालने पर बनी सहमति।**



**विदिशा।** बैठक के दौरान विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा करतीं हुईं नगरपालिका अध्यक्ष व नपा के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को पुरानी नगरपालिका भवन के सभाकक्ष में नगरपालिका की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान शहर विकास के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही कई निर्णय भी लिए गए। नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने बताया बैठक के दौरान जिन कार्यों को लेकर सहमिति बनी है उनमें बसस्टैंड से विवेकानंद चौराहे तक पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। अटल उद्यान को विकसित करने के लिए झूले, फिसल पट्टी, बैंचों एवं अन्य सामग्री की मरम्मत कराई जाएगी। वहीं ओपन जिम के लिए इक्विपमेंट क्रय किए जाएंगे। जिन्हे मालवीय उद्यान माधव उद्यान, वार्ड नंबर 4 अरिहंत विहार, वार्ड 36 कृष्णा कॉलोनी, वार्ड 10 मुखर्जीनगर, रॉयल सिटी, बजरिया पार्क में लगाया जाएगा। निकास के प्रमुख स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने का भी निर्णय बैठक के दौरान लिया गया।

नगरपालिका की बैठक के दौरान बस स्टैंड, नीमताल, नदीपुरा, नपा कार्यालय पर जीएसआर मोड पर पीपीपी मॉडल द्वारा सुलभ शौचालय स्थापित करने, पुरानी नपा कार्यालय और बाल विहार में पेड पार्किंग बनाने और नवीन बस स्टैंड के विकास के लिए डीपीआर बनाने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पर भी चर्चा की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों को पूर्ण कराने पुनः निविदा निकालने के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। बैठक में नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, वरिष्ठ नेता तीरथप्रताप सिंह दरबार, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, कपिल साहू सहित सदस्य मौजूद रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 394 शिकायतें

**विदिशा।** समाधान आन लाइन कार्यक्रम में इस माह जारी विषयों के अंतर्गत पीएम किसान सम्माननिधि विषय को भी सम्मिलित किया गया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में एक भी शिकायत पीएम सम्माननिधि से संबंधित बकाया ना रहे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निकिता तिवारी ने बताया कि राजस्व विभाग के अंतर्गत पीएम किसान सम्माननिधि से संबंधित सभी 394 शिकायतों के निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों के द्वारा तहसीलवार पहल की जा रही है।

### एक प्रकरण में नगद इनाम की घोषणा की

**विदिशा।** विदिशा एसपी रोहित काशवानी ने फरार आरोपी की सूचना देने वालों को तीन हजार का इनाम देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। एसपी द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी हरनाम पुत्र धन्नालाल अहिरवार निवासी ग्राम सुआखेड़ी थाना गुलाबगंज की सूचना देने वाले को इनाम दिया जाएगा।

## जिले की 10 ग्राम पंचायतें सम्मानित




**विदिशा।** पंचायतों के कार्यों के मूल्यांकन के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विकास के 9 प्रमुख विषय स्वच्छता, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, डिजिटल इंडिया, आजीविका एवं सतत विकास पर पंचायतों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन में विदिशा जिले की 10 पंचायतों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इन पंचायतों को भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। जिला पंचायत विदिशा की ओर से सभी सम्मानित पंचायतों को बधाई दी है। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष गीताकैलाश रघुवंशी, उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी सहित जिला पंचायत के अधिकारी और सम्मानित होने वाले सरपंच मौजूद रहे।

## हर दिन संकुल केंद्र में हाजिरी के आदेश से नाराज लटेरी ब्लॉक के सभी जनशिक्षकों ने दिया इस्तीफा

**बीआरसी व डीपीसी कार्यालयों की भूमिका को सीमित करने का आरोप लगाया**

**विदिशा।** लटेरी ब्लॉक में जिला शिक्षा अधिकारी के नए आदेश से जन शिक्षकों में आक्रोश फैल गया है। 4 जुलाई को जारी किए गए इस आदेश के अनुसार जन शिक्षकों को अब प्रतिदिन संकुल केंद्र में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। साथ ही दो शालाओं का नियमित निरीक्षण भी करना होगा। इस आदेश के विरोध में शुक्रवार को लटेरी ब्लॉक के सभी जन शिक्षक एकत्रित होकर बीआरसी कार्यालय पहुंचे। जन शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल शालाओं में भेजें

जन शिक्षकों का आरोप है कि उन पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि बीआरसी और डीपीसी कार्यालयों की भूमिका को लगातार सीमित किया जा रहा है। शिक्षकों ने कहा कि इन परिस्थितियों में वे अपने पद पर कार्य करने में असमर्थ हैं। बीआरसी प्रमोद विश्वकर्मा को सौंपे गए इस्तीफे में जन शिक्षकों ने अपनी मांग रखी है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल शालाओं में वापस भेजा जाए। शिक्षकों का कहना है कि आदेश की आड़ में उनके कार्य क्षेत्र को असंतुलित किया जा रहा है। इससे न केवल उनके कार्यभार में वृद्धि हुई है बल्कि मानसिक दबाव भी बढ़ा है। इस घटनाक्रम के बाद अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। यह देखना होगा कि प्रशासन इस सामूहिक इस्तीफे और शिक्षकों की मांगों पर क्या कदम उठाता है।

## प्रतियोगिता में छात्रों ने रामचरित्र मानस के प्रसंगों पर चित्र बनाए



**विदिशा।** तुलसी जयंती पर महारानी अवंतीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल मे पंडित गंगा प्रसाद पाठक कला न्यास द्वारा रामचरित्र मानस प्रसंगों पर चित्रकला का आयोजन किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक एवं छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में रामचरित मानस के प्रसंगों पर चित्र बनाए। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 85 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान भरत लड्ढा, सुनील जैन, अरविंद द्विवेदी, सुदिन श्रीवास्तव, मेहताब सिंह नरवरिया, शारदा लोधी, संगीता मुले, थान सिंह नरवरिया, उमेश शर्मा, मनोज गौर, मधु लोधी, उर्मिला लोधी, दीक्षा तिवारी, रश्मि जैन, संध्या राय मौजूद रहीं। आज 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे सनराइजर्स स्कूल में भाषण प्रतियोगिता तथा दोपहर 2 बजे सरस्वती शिशु मंदिर किलेअंदर में अंत्याक्षरी प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया है।

### सांड़ों की लड़ाई में फंसी बाइक, पति-पत्नी और मासूम घायल



**विदिशा।** करारिया चौराहे पर दो सांडों की लड़ाई में एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनकी मासूम बच्ची घायल हो गए। गोवर्धन कुशवाह अपनी पत्नी और बेटी के साथ कुरवाई के फतेहपुर गांव से विदिशा लौट रहे थे। करारिया चौराहे के पास पहुंचने पर अचानक दो सांड आपस में भिड़ते हुए उनकी बाइक तक आ गए। सांडों की चपेट में आने से तीनों को चोटें आई हैं। छोटी बच्ची को सिर और हाथ में गंभीर चोटें लगी हैं। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बेसहारा मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होंगी।

## बैठक में जनपद पंचायत विदिशा और ग्यारसपुर के मुक्तिधामों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** बैठक के दौरान समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

बुधवार को जनपद पंचायत विदिशा एवं ग्यारसपुर के मुक्तिधाम की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जनपद पंचायत सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद पंचायत विदिशा में 18 ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम का अभाव है। ग्राम पंचायतों में शांति धाम क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं।

जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 29 ग्राम पंचायतों में शांतिधाम नहीं हैं। 11 ग्राम पंचायतों में शांतिधाम क्षतिग्रस्त हैं। सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शांतिधाम का चबूतरा मात्र 20 बाय 20 फीट का होता है, जिसमें लगभग 8 क्यूबिक मीटर कंक्रीट एवं 850 किलोग्राम स्टील का उपयोग होता है। यह निर्माण कार्य किसी भी पंचायत और वहां के निवासियों के सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अपील करते हुए कहा है कि भूमि की अनुपलब्धता जिन स्थानों पर कार्य में बाधा बन रही है वहां ग्रामीणों को प्रेरित किया जाए कि वे 30 बाय 30 फीट भूमि दान करें ताकि यह सामूहिक पुण्य कार्य शीघ्र पूर्व हो सकें।

**जर्जर स्कूल भवन के संबंध में ली जानकारी**

## नपाध्यक्ष ने छात्रों को साइकिलें वितरित कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



एकीकृत शासकीय हाई स्कूल माधवगंज क्रमांक 1 में बुधवार को छात्र छात्राओं को साईकिल वितरत की गईं। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा मौजूद रहीं।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव साईकिल से लेकर बच्चों को स्कूटी दे रहे हैं। साथ ही स्कूल की प्राचार्य इंदु खरे ने स्कूल निमार्ण से संबंधित कार्यों के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष को जानकारी दी। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि जल्दी जर्जर भवन को मरम्मत कराया जाएगा। साथ ही नए कमरों के लिए निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता तीरथ प्रताप सिंह दरबार, स्कूल प्राचार्य इंदु खरे, समस्त स्कूल स्टाफ सहित स्कूल के छात्र मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को वितरण की साइकिल

**गुलाबगंज।** बुधवार को शासकीय स्कूल में बच्चों को साइकिल वितरित की गईं। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी एवं जनपद प्रतिनिधि सचिन यादव मौजूद रहे। नवीं कक्षा के 148 बच्चों को साइकिल वितरण की गई। जिसमें 72 छात्र एवं 76 छात्राएं शामिल हैं। अतिथियों ने बच्चों को साइकिल मिलने पर बधाई दी। कार्यक्रम में प्राचार्य मीना अहिरवार ने मौजूद रहीं। मंच का संचालन संजय दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, पालक एवं संस्था के शिक्षक मौजूद रहे।

### साकेत एमजीएम में बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ



**विदिशा।** साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में ट्रिनिटी कॉन्वेंट, वात्सल्य पब्लिक स्कूल, साकेत एमजीएम स्कूल, अग्रवाल इंटरनेशनल स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल, नारायणा स्कूल समेत कई विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घघाटन जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, ब्लॉक खेल अधिकारी अंबेश सोनी एवं साकेत एमजीएम स्कूल के प्राचार्य बिभास रंजन पाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में मुकाबले आयोजित किए गए। साकेत एमजीएम परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले अधिकारियों, प्रतिभागी विद्यालयों, प्रशिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई 6 मंडलों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बुधवार को विदिशा विधानसभा के सभी 6 मंडलों की बैठक भाजपा कार्यालय हुई। वक्ता के रूप में विधायक मुकेश टंडन मौजूद रहे।

बैठक का संचालन दिनेश कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम की भूमिका मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री एवं प्रतीक कंग ने रखी। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन देते हुए विधायक मुकेश टंडन ने भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर वक्तव्य दिया। आगामी 14 अगस्त दिन गुरुवार को शाम 4 बजे विदिशा विधानसभा की विशाल तिरंगा यात्रा जय प्रकाश मंच माधवगंज से नीमताल तक निकाली जाएगी। बैठक में बाबूलाल ताम्रकार, रामनलाल गोयल, दीपक तिवारी, पंकज पांडे, बृजेश लोधी, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर किरार, अंकित दुबे, विकास भट्ट,चेतन चौहान, रामबाबू शिवहरे,कौशल अहिरवार, निर्मल कौर, पप्पू सरदार, रविन्द्र रघुवंशी, सूरज किरार, सुरेश मालवीय, मोहन राजपूत, नीरज पाल, संतोष पेंटर, सन्नी गंभीर, प्रमोद जैन, सोम सोनी आदि मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3325
सुजाता
न्यूनतम भाव-2520
उच्चतम भाव-2795
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2561
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6206
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-9750
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3571
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4855
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8000
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7810
धान
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2951
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5000
बटरी
न्यूनतम भाव-2940
उच्चतम भाव-2940
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6430

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 9670 बोरे उपज की आवक हुई।

## जघन्य व सनसनीखेज प्रकरण में न्यायालय ने सुनाया फैसला

# मानसिक विक्षिप्त नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग अभियोक्त्री के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को न्यायालय अनुराग द्विवेदी प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायधीश एव पॉक्सो न्यायालय बासौदा द्वारा 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं 1500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी / एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि फरियादिया ने दिनांक 29.03.2024 को थाना शहर बासौदा में उपस्थित होकर बताया कि उसकी पुत्री अभियोक्त्री उम्र 11 साल बचपन से मानसिक रूप से विक्षिप्त है व चलने बोलने में असमर्थ है। उसके पति 8-9 माह तक घर से बाहर रहकर दूसरे शहर में मजदूरी का काम करते हैं। करीब 10-15 दिन पहले फरियादिया की तबीयत ठीक न होने से वह अपने दोनों लड़कों के साथ पति के पास ईलाज कराने गई थी। घर में उसकी सास और दोनो लडकियां थीं। दिनांक 28.03.2024 को करीब 11:30 बजे उसकी लड़की का फरियादिया के पास फोन आया था तब उसने बताया कि दादी रंग डालने दूसरे गांव गई थी और वह मामी के घर गई थी। जब वह मामी के घर से वापस आई तो उसने देखा गांव का अभियुक्त उसकी विक्षिप्त बहन के साथ गलत काम कर रहा था। उसने कहा था ये क्या कर रहे हो तो वह अपने कपडे पहनकर घर से भाग गया। फिर अभियोक्त्री की मां दूसरे शहर से बस पकड़कर अपने घर आई और अपनी दोनों लड़कियों को थाने लेकर आई थी। फरियादिया की सूचना पर से थाना शहर बासौदा में भादंवि धारा 376 एबी, 376(2) एल, 452 एवं 5के/6, 5 एम/ 6 पोक्सो एक्ट के अपराध की प्रथम सूचना रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध लेखबद्ध की गई थी। प्रकरण में पीड़िता अभियोक्त्री मानसिक रूप से विक्षिप्त होने व बोलने में असमर्थ होने के कारण प्रकरण में सीआरसी भोपाल से अभियोक्त्री की मानसिक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें उसकी मानसिक आयु उम्र ०1 साल 11 माह व आईक्यू 17 होना बताते हुए प्रोफाउंट लेवल ऑफ इंटलेक्चुअल डिस्एबीलिटी का होना रिपोर्ट में पाया गया। जिस कारण अभियोक्त्री के धारा 161 द.प्र.सं और धारा 164 के कथन नहीं हो सके थे। प्रकरण में अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था एवं अनुसंधान के दौरान डीएनए की कार्रवाई की गई थी। प्रकरण में अनुसंधान एवं विवेचना उपनि प्रतिभा सिंह एवं तत्कालीन थाना प्रभारी संजीव चौकसे के द्वारा की गई थी। संपूर्ण विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पुलिस द्वारा पेश किया गया था। एडीपीओ दिनेश असैया के द्वारा बताया गया कि उक्त प्रकरण जिला विदिशा में जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में सम्मिलित था। न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा कुल 17 गवाहों की साक्ष्य न्यायालय में कराए गए। पीडिता की मां, बहन, पिता एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्षीगणों के कथन कराए गए। प्रकरण में मेडीकल साक्ष्य एवं डीएनए रिपोर्ट उपलब्ध, मौखिक दस्तावेजी साक्ष्य तथा भौतिक साक्ष्य से भी प्रकरण प्रमाणित हुआ। एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क एवं साक्ष्यों से सहमत होकर न्यायालय अनुराग द्विवेदी प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 450 भादवि में 7 साल की सजा एवं 3/4(2) पॉक्सो अधिनियम में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं धारा 5के/6 में 20 साल की सजा एवं कुल 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण में आरक्षक रीतेश तिवारी का भी सहयोग रहा।

## प्रभारी शिक्षक व समूह विवाद को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विगत दिनों नगर शाला की प्रभारी शिक्षिका और स्वसहायता समूह संचालक के मध्य विवाद को लेकर समूह द्वारा प्रभारी की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी। मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा पूरे मामले की जानकारी ले कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एसडीएम विजय राय से मिलकर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। एसडीएम ने गंभीरता से पूरी बात सुनकर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी, अमर सिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, नीलम रघुवंशी, सुरेश शर्मा, राजा कादरी ,संदेश मिश्रा, लंपू राम अहिरवार ,नारायण सिंह रघुवंशी, संजय अहिरवार, अरुण पांडे, अरुण रघुवंशी आदि शामिल थे।

## मनाया जाएगा श्रावणी उपाकर्म महोत्सव

**गंजबासौदा।** श्रावण पूर्णिमा ब्राह्मणों का प्रायश्चित उपाकर्म का विशेष पर्व है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह पर्व 9 अगस्त शनिवार को सुबह 8 बजे नौलखी धर्मशाला सिरोंज चौराहे पर मनाया जा रहा है। जिसमें प्रेरणा स्रोत ब्रह्मलीन पंडित कड़ोरी महाराज के द्वारा प्रतिष्ठित उपाकर्म की यह परंपरा का निर्वहन सब लोग भली भांति निरंतर करते आ रहे हैं। यह उपाकर्म नौलखी धर्मशाला सिरोंज चौराहा पर पंडित केशव शास्त्री एवं आचार्य परमानंद शास्त्री भोपाल के पावन सानिध्य में हेमाद्रि संकल्प, औषधि स्नान, मार्जन, ऋषि पूजन, यज्ञ भवन आदि के साथ संपादित होगा। श्रावणी कार्यक्रम संयोजक पंडित दीपक तिवारी, पंडित कमलेश दुबे, पंडित वरूण चौबे के विशेष सहयोग से संपन्न होगा। श्रावणी उपाकर्म की महत्ता समझते हुए सभी कार्यों को छोड़ उक्त समय में निहित स्थान पर पहुंचकर ब्रह्मकर्म में सहभागी बनने की अपील एवं संध्या सामग्री आचमनी, पंचपात्र, प्लेट, लोटा, माला, ऋतु फल, पुष्प लेकर आने की अपील की गई है।

## रक्षा बंधन पर्व त्रिदिवसीय कार्यक्रम होंगे मुनि संघ के सानिध्य में महावीर विहार में




**गंजबासौदा।** महा समाधि सम्राट संत शिरोमणि आचार्य गुरुवार श्री विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं नवाचार्य 108 श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञाकारी शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज के संसंघ सानिध्य में रक्षा बंधन पर्व वात्सल्य पर्व में त्रिदिवसीय कार्यक्रम 7 , 8 , 9 अगस्त को आयोजित है। दिनांक 7 एवं 8 अगस्त को प्रातः 6:30 मंगलाष्टक , अभिषेक , शांतिधारा , नित्य पूजन , युगलाचार्यो की दिव्य संगीतमय पूजन पश्चात मुनि श्री विष्णु कुमार आकम्पनाचार्य सहित 700 मुनिराजो के उपसर्ग निवारण, रक्षा बंधन महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ विधान प्रारंभ पश्चात मुनि श्री के मंगल प्रवचन दोपहर को 3 बजे, भगवती आराधना की कक्षा , सायंकाल बेला में 6 बजे से आचार्य भक्ति गुरु भक्ति एवं मंगल आरती, मुख्य दिवस 9 अगस्त दिन शनिवार को प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक अभिषेक शांतिधारा संगीतमय युगलाचार्यों की संगीतमय पूजन पश्चात 11 वे तीर्थंकर 1008 श्री श्रेयांश नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक निर्माण लाडू महोत्सव एवं रक्षाबंधन विधान पश्चात पूर्ण आहुति एवं रक्षा सूत्र बंधन मुनि श्री के मंगल प्रवचन पश्चात दोपहर 3 बजे से भगवती आराधना की कक्षा, सायं काल बेला में आचार्य भक्ति गुरु भक्ति एवं मंगल आरती पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। ज्ञात हो निर्यापक श्रमण 108 मुनि श्री संभव सागर जी महामुनिराज जिनके संघस्थ पूज्य मुनि श्री 108 निस्सिम सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 श्रमण सागर जी महाराज मुनि श्री 108 संस्कार सागर जी महाराज मुनि श्री 108 ओंकार सागर जी ,ऐलक श्री 105 गौरव सागर जी महाराज संसंघ का मंगल चातुर्मास महावीर विहार में चल रहा है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। प्रतिदिन प्रात 8:30 बजे मुनि संघ के मंगल प्रवचन प्रारंभ होते है। मुनि संघ के सानिध्य में परवाधिराज दशलक्षण महापर्व में श्रावक संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियां चल रही हैं जिसमें बाहर से अनेक श्रावक श्राविकाएं शिविर में भाग लेंगे। साथ ही स्थानीय श्रावक जन श्राविकाएं भी शामिल होंगी।

## झूलन उत्सव पर हो रहे अनेक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में चल रहे झूलन महोत्सव में सावन मास की सजीव भक्ति परंपरा को जीवंत करते हुए एकादशी पर आयोजित हुए उत्सव में सीताराम संकीर्तन मंडल की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के हृदय को छू गई। भजन, झांकी और झूले की त्रिवेणी में जब नन्हे-मुन्ने राधा-कृष्ण बनकर फूलों के झूले पर विराजे, तो श्रद्धालु भक्ति और श्रद्धा से आत्म विभोर हो गए और आश्रम परिसर जयकारों से गूंज उठा। आश्रम समिति के अनुसार रक्षाबंधन की पूर्णमासी 9 अगस्त को झूलन उत्सव का समापन हो जाएगा। इस दिन नगर के अलावा विदिशा भोपाल के प्रमुख संकीर्तन मंडल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार, भोग, फूलों की वर्षा और रात्रि जागरण के साथ समापन समारोह आयोजित होगा। आश्रम में भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रह विराजमान होने के बाद से हर एकादशी पर आश्रम में अखंड संकीर्तन परंपरा प्रारंभ हो गई है। झूलन उत्सव के साथ-साथ एकादशी पर अखंड संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास की सात्विकता और हरियाली के बीच नौलखी आश्रम इन दिनों भक्ति और आनंद की धारा में राधा-माधव के झूलन उत्सव के पावन अवसर पर आश्रम परिसर सजीव झांकियों, भजनों की मधुर स्वर लहरियों और भक्ति रस से सराबोर है। नगर की विभिन्न भजन मंडली, कीर्तन मंडली और बाहरी गायक कलाकारों द्वारा झूलन उत्सव में भजनों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी जा रही है। एकादशी पर आयोजित हुई भजन संध्या में सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें विश्वनाथ देव, डॉ. एके रोहले, शम्भूदयाल, डॉ. अंशुल, प्रथमेश, शिवम शर्मा सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न संगठनों ने एसडीएम को दी विदाई



**गंजबासौदा।** बुधवार को सर्वदलीय गौ रक्षा मंच,राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी, हिन्दू धर्म एकता परिवार के कार्यकर्ताओं विशाल वैष्णव, मुकेश सोनी, राकेश दुबे, देवेंद्र रघुवंशी, डॉ. रविन्द्र रघुवंशी, योगेश त्रिपाठी, दिनेश प्रजापति, रामानुज शास्त्री आदि ने एसडीएम विजय राय का जिला विदिशा से नर्मदापुरम स्थानांतरण होने के उपलक्ष्य में कार्यालय पहुंचकर फूल, मालाओं स्वागत कर विदाई देकर उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं ।

## पंचतत्व ने किया पौधारोपण



**गंजबासौदा।** पंचतत्व संरक्षण समिति के चल रहे अभियान हम सभी ने यह ठाना है, हर हाथ से पौधा लगाना है के अंतर्गत बरेठ रोड स्थित पन्ना मार्केट में नीम और कदम के 3 पौधे रोपित किए गए। जिनके संरक्षण की जवाबदारी दुकानदारों ने ली। कदम का पौधा पंचतत्व ने उपलब्ध कराया तथा नीम के पौधे वार्ड 6 के निवासी वीर सिंह रघुवंशी ने उपलब्ध कराए। ज्ञात हो इन्हीं जगह पर पहले भी पौधे लगाए गए थे पर किन्हीं कारणों से जिंदा नहीं रह पाए , उन्हीं की चिंता करते हुए नागरिक बैंक अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने पंचतत्व समिति के साथ यह पौधे पुनः लगाए हैं। इस अवसर पर पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी ने कहा कि जहां पहले पौधे लगाए गए हों और पौधे किन्हीं कारणवश जिंदा नहीं रह पाए हों तो पंचतत्व वहां पुनः पौधा लगा सकती है। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधक शमीम खान ने कहा पंचतत्व समिति बहुत पुनीत का कार्य कर रही है, सदैव समिति का सहयोग करते रहेंगे। इस अवसर पर नागरिक बैंक अध्यक्ष जितेंद्र दुबे, प्रमोद सिंह राजपूत, डॉ. संकल्प साहू, मनोज झा, धनराज कुशवाह, लकी दांगी, गौरव गुप्ता, राहुल रघुवंशी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## त्योंदा पुलिस ने गिरफ्तार किए दो आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ त्योंदा

बुधवार को सुबह त्योंदा थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि अर्जित जैन की दुकान रसूलपुर में दो लड़के गदर कर रहे हैं। दोनों लड़कों ने दुकान का सामान फेंक दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकडा और नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम गोविंद रैकवार उम्र 22 वर्ष एवं दूसरे ने चंदन रैकवार उम्र 19 वर्ष निवासी रसूलपुर का बताया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज कर उन्हें बाउंड ओवर कराने एसडीएम न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता चौधरी, गौरीशंकर राजपूत, रविंद्र सिंह तोमर, अखिलेश शुक्ला, शिवम तोमर शामिल रहे।

### इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों से बढी यातायात समस्या



गंजबासौदा। स्थानीय रेल्वे स्टेशन के बाहर एवं सड़कों पर इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों द्वारा मनमाने ढंग से कहीं भी अपने ऑटो खड़े कर दिए जाते हैं एवं तेज गति से ऑटो चलाने रेलयात्रियों, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों एवं दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि नगर में अनेक नाबालिग इलेक्ट्रिक ऑटो दौड़ाते नजर आते हैं । वहीं कुछ इलेक्ट्रिक ऑटो चालक अपने ऑटो को कहीं भी खड़ाकर सवारी बैठाने लगते हैं। जिससे जाम की स्थिति तो निर्मित होती ही है साथ ही पैदल राहगीरों, दो पहिया वाहन चालकों, रेलयात्रियों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## एक पौधा, एक संकल्प अभियान के तहत किया पौधारोपण

# श्रमदान दल ने सीएम राइज स्कूल में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

एक पौधा एक संकल्प अभियान के तहत सीएम राइज स्कूल राजेन्द्र में श्रमदान दल ने पांच पौधों का रोपण किया। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, जब वह प्रकृति और पर्यावरण के साथ संवाद करना सिखाए, तो वह सम्पूर्ण बनती है। इसी सोच को धरातल पर उतारते हुए श्रमदान दल ने एक पौधा एक संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय सीएम राइज स्कूल राजेन्द्र में पांच से छह फीट ऊँचाई के पाँच पौधे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ मिलकर रोपित किए। यह कार्यक्रम श्रमदान दल के साप्ताहिक पौधरोपण अभियान 4.0 का हिस्सा था, जिसके तहत इस वर्ष 90 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दल द्वारा 10 पौधे रोपित किए जा चुके हैं, पर्यावरण के साथ शिक्षा को जोड़ा गया। पौधरोपण के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए श्रमदान दल के सदस्यों ने न केवल पौधों के वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व को समझाया, बल्कि उन्हें व्यक्तिगत जिम्मेदारी का भाव भी दिया। दल ने विद्यालय के प्रत्येक छात्र और शिक्षक से आग्रह किया कि वे हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाएँ और उसे पूर्ण रूप से विकसित होने तक संरक्षित करें। क्यों कि पेड़ सिर्फ ऑक्सीजन नहीं देते, वे हमें जीवन जीने की सीख भी देते हैं। दल के सदस्यों की माने तो 'एक पौधा रोपने का संकल्प एक जीवन', 'एक वृक्ष एक भविष्य' की भावना को पुष्ट करता है। विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधे केवल मिट्टी में नहीं रोपे गए, बल्कि बच्चों के मन में उम्मीद, ज़िम्मेदारी और प्रकृति से प्रेम की भावना भी रोपी गई। कार्यक्रम से यदि सीख ली जाए और शिक्षा संस्थान को पर्यावरणीय अभियानों से जोड़ा जाए, तो हर छात्र एक संवेदनशील नागरिक बन सकता है जो सिर्फ परीक्षा में नहीं, प्रकृति की रक्षा में भी अव्वल हो।

### ट्रक चालक गिरफ्तार



**गंजबासौदा।** त्योंदा पुलिस द्वारा टक्कर मारकर भागे चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी ने बताया ग्राम लगधा निवासी 45 वर्षीय सीताराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 जुलाई को ट्रक चालक टक्कर मारकर भाग गया था। जिससे पीड़ित के घर के सामने खड़े थ्रेशर और कल्टीवेटर दोनों मशीनें टूट गईं। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया था। पुलिस ने तत्काल टीम बनाकर कार्रवाई शुरु कर दी थी। पुलिस ने आरोपी चालक गम्मत सिंह अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पोतला को पकडकर ट्रक क्रमांक एमपी 09-एचपी 3792 जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई में प्रेमनारायण साहू, राहुल भास्करे का सराहनीय सहयोग रहा।

## नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

करणी सेना की नगर इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का राजपूत समाज एवं सर्व समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, युवा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत एवं उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह राजपूत का स्वागत पुष्पमालाओं, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने करणी सेना की समाज सेवा, संस्कृति संरक्षण एवं युवा जागृति में निभाई जा रही भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने कहा मैं समाज की सेवा को ही अपना प्रथम कर्तव्य मानता हूँ। करणी सेना के माध्यम से हम सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा एवं युवाओं को संगठित करने का कार्य करते रहेंगे। उपाध्यक्ष सुदर्शन ने भी संगठन की मजबूती एवं सामाजिक समरसता की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर लोकेंद्र सिंह ने किया एवं आभार प्रदर्शन जगदीश सिंह राजपूत, शंकर सिंह राजपूत द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद थे।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले भर में कार्यक्रमों का आयोजन

# राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता के संदेश के साथ निकली तिरंगा रैली, लोगों में दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले भर में तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। इन रैलियों का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। गांव-गांव और शहर-शहर में निकाली जा रही इन रैलियों में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वच्छता कर्मचारी और आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। हाथों में तिरंगा लेकर लोग भारत माता की जय, स्वच्छ भारत - सशक्त भारत, हर घर तिरंगा-हर गली स्वच्छ जैसे नारों के साथ गली-गली में जोश भर रहे हैं। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही, लोगों को अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों को बताया जा रहा है कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि यह अभियान देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का अद्भुत संगम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे तिरंगे को सम्मानपूर्वक फहराएं और अपने आसपास सफाई बनाए रखें। इस रैली ने ना केवल लोगों के मन में देशप्रेम की भावना को जागृत किया, बल्कि स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता किया जा रहा है।

### अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने मनाया हरियाली उत्सव

# जीवन पर्यावरण पर केंद्रित, हम एक पौधा जीवन में जरूर लगाएं: बिंदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा द्वारा पौधारोपण कर हरियाली उत्सव मनाया गया। तो वही अग्रवाल महिला महासभा की सदस्यो ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की अध्यक्ष श्रीमति बिंदु गर्ग ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं।

बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधारोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल महिला महासभा द्वारा पौधारोपण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण करें। साथ ही उनकी रक्षा भी करें। क्योंकि पेड़-पौधों पर ही हमारा जीवन निर्भर है। प्रत्येक मनुष्य को अपने जन्म दिवस पर एक-एक पौधा लगाने का प्रण लेना चाहिए। इससे आसपास का वातावरण ठीक रहता है। उन्होंने कहा कि अनेकों पेड़ों के काटने का परिणाम है जो ग्लोबल वार्मिंग इतना भयानक रुप ले चुका है। पेड़ पौधे से ही हमें फल व फूल मिलते है। इससे अनेक तरह की औषधियां भी तैयार होती है जोकि अनेक बीमारियों में काम आती है।

उन्होंने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा जीवन ही पर्यावरण पर केंद्रित है। इसलिए हमें अपने जीवनकाल में कम से कम एक पौधा लगाकर प्रकृति के विकास में सहायक करना चाहिए। इस मौके पर बडी संख्या में अग्रवाल महिला महासभा की सदस्य मौजूद रही।

### युवा समाजसेवी पटेल ने थाने में दिया आवेदन

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के अनेको युवक-युवतियो को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंश श्रीवास्तव के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच व कडी वैधानिक कार्रवाई की मांग को लेकर युवा समाजसेवी राजेश पटेल ने पुलिस थाना पहुचकर एक आवेदन सौपा। वही उन्होने कहा कि मूलतः जिला पन्ना निवासी अंश श्रीवास्तव जो कि वर्तमान में इंदौर में निवास करता है। उक्त व्यक्ति द्वारा नगर की कई युवतियो को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की गई। अंश श्रीवास्तव द्वारा प्रत्येक युवती से 1370 की राशि लेकर उन्हें नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया। लेकिन न तो उक्त व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की नौकरी प्रदान कराई गई। साथ ही जो राशि युवतियो से ली गई थी वह वापस लौटाई गई। यह स्पष्ट रूप से आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध है। ऐसे कृत्य से समाज में ठगी एवं विश्वासघात की भावना बढ़ रही है तथा बेरोजगार युवाओं का शोषण हो रहा है। उन्होने कहा कि उक्त मामले की गंभीरता की देखते हुए अंश श्रीवास्तव के विरुद्ध प्राथमिकता से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी इस प्रकार की धोखाधड़ी करने का साहस न कर सके।

# आस्था एवं विश्वास की प्रतीक विशाल कांवड़ यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में नागेश्वर महादेव मंदिर से भव्यता व उत्साह के साथ निकाली गई शिवपालकी और विशाल कावड़ यात्रा का स्वागत स्थानीय युवाओं ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय रजक महासंघ के अध्यक्ष शैलेंद्र रजक ने पालकी में विराजमान महादेव की पूजा अर्चना कर समस्त देशवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की एवं शिव पालकी व विशाल कावड़ यात्रा में शामिल यात्रा के संरक्षक विधायक को पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा का चित्र भेंट कर पुष्प वर्षा से स्वागत सम्मान किया गया। तो वही बोल बमह्ल के उद्घोष और देवाधिदेव महादेव की भक्ति में लीन कांवड़यों के साथ सिरोंज से देवपुर धाम के लिए रवाना हुए।

यात्रा के दौरान धर्म प्रेमियों द्वारा विभिन्न मंचों के माध्यम से शिव भक्त कावड़ यात्रियों का भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। कावड़यों की टोली झूमते,गाते भोलेनाथ की स्तुति कर निरंतर आगे बढ़ रही है। बाबा महाकाल ने अपने पूरे लाव लश्कर के साथ शाही ठाठ-बाट से पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण किया। बाबा महाकाल के स्वागत में पूरे नगर को सजाया गया था। जगह-जगह भक्तों ने अपने घरों की छतों एवं सड़क के दोनों ओर खड़े होकर बाबा महाकाल की पालकी पर पुष्प वर्षा की और बाबा विश्वनाथ का जयघोष किया। इस भव्य और विशाल कावड़ यात्रा के तीर्थक्षेत्र देवपुर धाम आगमन पर ग्रामवासियों द्वारा अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## जन्माष्टमी की तैयारी को लेकर यादव समाज की बैठक, निकलेगी शोभायात्रा



**सिरोंज।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति सिरोंज के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। इस अवसर पर बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में तय किया गया कि कार्यक्रम में समस्त सनातन हिन्दू समाज की सहभागिता हो। आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं हेतू कार्यकर्ताओं की विभिन्न टोलियां बनाई गई जिसमें सभी को अलग अलग जिम्मेदारी प्रदान की गई।

बैठक का प्रारंभ भगवान श्री कृष्ण को अध्यक्ष स्वरूप में मानकर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती कर किया गया। बैठक में प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने के संबंध में चर्चा की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के सदस्य अनिल यादव ने बताया कि शोभायात्रा जन्मोत्सव समिति के द्वारा दोपहर 11 बजे से छत्री नाका से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। इस दौरान बैठक में बडी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## नकली पुलिस बन दो युवकों ने लूट ली सोने की अंगूठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अभी तक नकली पुलिस के मामले शहरों में होते देखे गए हैं, परंतु पूर्व शिक्षक कोमल प्रसाद शास्त्री के साथ नकली पुलिस बनकर दो अज्ञात युवकों द्वारा रास्ता रोककर लूट की घटना को जिस प्रकार अंजाम दिया उसे अब ग्रामीण क्षेत्र में कब नकली पुलिस मिल जाए और घटना को अंजाम दे लोगों में भय का माहौल बन गया है।

पिछले दिनों जब कोमल प्रसाद शास्त्री पूर्व शिक्षक एक कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी दो अज्ञात युवकों ने रास्ता रोका और खुफिया पुलिस वाला कहकर शास्त्री की सोने की अंगूठी जांच के लिए उतरवा ली और फरार हो गए। अंगूठी की कीमत लगभग 70000 रुपए है। पुलिस द्वारा शास्त्री की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात दो युवकों की तलाश की जा रही है।

# बाढ पीड़ितों के नुकसान का सर्वे शुरू, आरबीसी 6-4 के अंतर्गत मिलेगी नुकसान की राशि

### राजस्व निरीक्षक पटवारी और नगर परिषद अमले के द्वारा किया जा रहा है सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



क्षेत्र में विगत दिनों होने वाली मूसलाधार बारिश के कारण नगर एवं क्षेत्र के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी आ गया था जिसके कारण लगभग 24 घंटे तक नगर के निचले इलाके जिसमें खासकर होली चौक मोहल्ला में लगभग 24 घंटे तक बाढ़ का पानी

घरों में भरा बाढ़ का पानी उतरने के बाद स्थिति सामान्य होने पर प्रशासन द्वारा प्रारंभिक सर्वे प्रारंभ किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र खासकर वह क्षेत्र जो नर्मदा, बारना एवं घोघरा नदी के किनारे के है ऐसे ग्रामों के मकानों को हुए नुकसान का सर्वे किया जा रहा हैं। वहीं नगर में भी आरआई, पटवारी, गिरदावर टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है।

पटवारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर सर्वे प्रारंभ किया जा चुका है। बाढ़ के दौरान मकानों को होने वाले नुकसान के संबंध में पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरबीसी 6,4 के अंतर्गत नुकसान का निर्धारण किया जाएगा।

इस दौरान राजस्व निरीक्षक राधेश्याम राठौर, कस्बा पटवारी अमित श्रीवास्तव और नगर परिषद का संयुक्त अमला मौजूद रहा।

# धान लगाने आए चार मजदूर करंट की चपेट में आए, दो युवकों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

उदयपुरा तहसील के ग्राम रोसरा में धान के खेत में मजदूरी करने आए चार मजदूर करंट की चपेट में आ गए दो मजदूरों युवकों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई गाय के झुंड को बचाने गया राम मोहन अहिरवार तार फेंसिंग के पास पहुंचा तो डोरी में लगे करंट के कारण करंट की चपेट में आ गया एक दूसरे को बचाने के चक्कर में चार लोग करंट की चपेट में आए और राममोहन अहिरवार ओमकार अहिरवार की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई दो घायलों को उपचार के लिए उदयपुरा अस्पताल लाया गया एक को रायसेन रेफर कर दिया गया ।

संपूर्ण क्षेत्र में धान की निंदाई और डोज डालने का कार्य चल रहा है अधिकांश धन वाले खेतों में ट्यूबवेल लगे हुए हैं और डोरीयां भी फैली हुई है पुरानी डोरियों में कट लग जाते हैं। ऐसी डोरी का उपयोग के समय बरती गई सावधानी करंट लगने और मौत होने का कारण बन जाती है ग्राम रोसरा में भी ऐसा ही हुआ जब राम मोहन को करंट लगा दो रामकृष्ण अहिरवार बचाने गया वह भी करंट की चपेट में आ गया। हरिशंकर और ओमकार अहिरवार मदद के लिए गए तो उन्हें भी करंट लग गया दो की घटना स्थल पर मृत्यु और दो लोग घायल हो गए।

**कार्रवाई की जा रही है**

उदयपुरा पुलिस द्वारा घटना और दो लोगों की मौत हो जाने पर शवों का मर्ग कायम कर जांच और कार्रवाई की जा रही है।
**- जयवंत काकोडिया,** थाना प्रभारी उदयपुरा

### इमरजेंसी में गांव तक मरीज को लेने नहीं पहुंच सकते वाहन

# ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की स्थिति बद से बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



क्षेत्र में होने वाली बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्र की सडक़ों की स्थित बद से बदतर है। हालांकि पूर्व से ही यह सडक़ों की स्थिति खराब थी लेकिन बरसात के मौसम की होने वाली इस बारिश के कारण इन सडक़ों पर 15 से 20 फीट लंबे और एक से डेढ़ फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं।

बरेली चैनपुर मार्ग जिसकी दूरी महज 12 किलोमीटर है इस गांव से ही आगे और लगे अन्य गांव जिनमें रमगढ़ा, पाली, डूंगरिया, ढूढादेह, डगडगा, रिमसिली सहित लगभग 10 से 12 गांव जहां के ग्रामीण जिनमें किसान, मरीज, छात्र शायद छोटे व्यापारी जो प्रतिदिन जरूरत का सामान लेने बरेली आते हैं।

लेकिन वर्तमान में इस मार्ग हालत इतनी खराब है कि चार पहिया वाहन के चेंबर जमीन से टकराते हैं। सरकार के द्वारा गांवों में निवास ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सा आदि से जोडऩे के लिएप्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अंतर्गत नगरों को गांवों से जोडऩे की कवायद प्रारंभ की गई थी जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बाली जनता को स्वास्थ्य शिक्षा एव किसानों को अपनी उपज जैसे फल सब्जी एवं अनाज का उचित दाम मिल सके एवं ग्रामीणों का नगर से संपर्क होने के कारण जीवन स्तर में सुधार आ सके।लेकिन क्षेत्र की अधिकतर प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत पूर्व में बनाई गई कई सडक़ें वर्तमान समय काफी जर्जर अवस्था में हैं। हालत यह है कि डामर पूरी तरह से निकलने के कारण इन पर चलना मुश्किल हो गया है।

इस संबंध में गांव के कृषक शावा कुरैशी ने बताया कि सडक़ पर बड़े-बड़े गड्डो में बारिश के कारण पानी भर गया था जिसे निकालने के लिए संबंधित विभाग के द्वारा जेसीबी से नालिया बनवाकर गड्डो का पानी निकाल दिया गया है। लेकिन गड्ढों की पुराई के लिए कोपरा एवं मुरम नहीं डलवाई गई है। यह स्थिति कोई एक गांव की नहीं है बरेली से चैनपुर, मेहरागांव एवं आसपास के गांव जिनमें गुलवाड़ा, पांजरा, हरढोव, उटिया, चंद्रगिरी, सिनवाह गांवों को जाने वाली सडक़ों की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है जिसके कारण इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं।

इसके बाद भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे। कुछ साल पहले सडक़ों का निर्माण करवाया था। लेकिन मरम्मत के अभाव में इन सडक़ों ही हालत बदतर हो गई है। आज इन सडक़ों की स्थिति यह है कि मोटरसाइकिल चालक थी इन मार्ग से गुजरने में कतराते हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना हो या मुख्यमंत्री ग्राम सडक़ योजना वर्तमान में सभी सडक़ों की हालत बद से बदतर हो गयी है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना से बनी अधिकांश गांवों की सडक़ें जल्दबाजी में बना दी गईं। इसका परिणाम यह हुआ की साल भर के अंदर ही सडक़ें जगह जगह से कांच की तरह टूटने लगीं। ग्रामीण आबादी को मुख्य मार्ग से जोडऩे की सरकार की इस योजना का सच सामने आने लगा है। इस संबंध में मेहरागांव के कृषक जगदीश राजपूत ने बताया कि वर्तमान में धान की कृषि का कार्य प्रारंभ है ऐसी स्थिति में प्रतिदिन किसानों को बरेली आना-जाना पड़ता है। जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं उन्होंने बताया कि सडक़ की बदहाल स्थिति के चलते यदि कोई गर्भवती महिला को इसी मार्ग से अस्पताल ले जाना हो तो उसका भगवान ही मालिक है।

### आपातकालीन के दौरान होती है समस्या

सडक़ निर्माण होने के बावजूद भी इन सडक़ों की स्थिति बद से बदतर हो गई है जिसका खामियाजा ग्रामीण जन को उस समय उठाना पड़ता है जब डिलीवरी पीरियड के दौरान जननी वाहन समय पर गांव नहीं पहुंच पाता और यदि पहुंच भी जाता है तो निर्धारित समय पर प्रसूता को अस्पताल नहीं पहुंचा पाता ऐसी स्थिति में जच्चा और बच्चा दोनों को ही खतरा बना रहता है।

## मंडीदीप में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे बाड़ी के खिलाड़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विकासखंड बाड़ी की 14-17-19 आयु वर्ग कें खिलाड़ी मंडीदीप के लिए 64 बच्चों का दल रवाना टीम को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली के प्राचार्य के के बानी में टीम को विदा किया। विकासखंड बाड़ी से 64 छात्र एवं छात्राएं मंडीदीप में विकासखंड बड़ी का प्रतिनिधित्व करेंगे टीम के साथ विकासखंड खेल प्रभारी अरविंद जरिया , भगवान सिंह धाकड़ राजेश ठाकुर , विवेक तिवारी , भूपेंद्र राजपूत टीम के साथ रवाना हुई ।बता दें कि जिला स्तर पर जो छात्र चयनित होंगे वह छात्र संभागीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । छात्र-छात्राओं के रवाना होने के दौरान नगर के खेल प्रेमियों एवं विद्यालय के प्राचार्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**In The Court Of I Civil Judge Class-I**

**Presiding Officer:** रमाकांत भारके
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000014/2025)

रानी उर्फ कविता पंधी ...............आवेदक
Vs
सर्वसाधारण ..................अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 09/09/2025

प्रेषिति-
1) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रानी उर्फ कविता पंथी पता ने मृतक देवेन्द्र पंशी पुत्र स्व. सौदान सिंह निवासी 103 अयोध्यानगर कॉलोनी विदिशा (म. प्र.) की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 09 September 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 September 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 05 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश रमाकांत भारके**
**प्रथम सिविल न्यायाधीश वर्ग-1**

website : general.kbtgroup.in
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain)
B.Com (Com+Plain)
B.Sc (Com+Plain)
B.Lib (1 Years)
PGDCA (1 Years)
MSW (2 Years)
PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years)
B.ED. (2 Years)

## खबर संक्षेप

### तहसीलदारों की कलम बंद हड़ताल शुरू

**रायसेन।** जिला सहित प्रदेश भर में सरकार के आदेश ने तहसीलदारों को दो भागों में बांटा गया है। एक न्यायिक और दूसरी गैर न्यायिक, इसके विरोध में सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने कलम बंद हड़ताल कर दी है। यहां तक कि उन्होंने अपनी गाड़ियां भी नायब नाजिर को सौंप दी। वहीं तहसीलदारों ने अपने डिजिटल सिग्नेचर भी नाजिर को सौंप दिए है, जिससे राजस्व विभाग के सभी कार्य होंगे प्रभावित। तहसीलदार भरत मांडले ने बताया कि प्रदेश सरकार की नीतियों का विरोध करते नजर आएंगे। उनका कहना है कि सरकार की नीति की तहसीलदारों को दो भागों में बांटना, यह नीति सरासर गलत है जिसके चलते सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। उनका मानना है कि जिले में होने वाले नामांतरण, बटवारा सीमांकन यह अन्य छोटी-मोटी गतिविधियां जो तहसीलदारों द्वारा संपन्न होती थी वह आज से अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई है ।

### उत्पात मचा रहे 4 युवकों पर 170 की कार्रवाई

**सलामतपुर।** थाने के बांसखेड़ा गांव में लड़ाई झगड़ा कर उत्पात मचा रहे 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों को सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया, जहां से चारों ही युवकों को जमानत पर छोड़ दिया गया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम बांसखेड़ा में सुनील शाक्या पिता भारत सिंह, राजकुमार शाक्या पिता ब्रजकिशोर, रोहित सिंह पिता नारायण सिंह और शाहरुख पिता सलीम गांव की शांति भंग कर उत्पात मचा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर थाने ले आई।

### समाजसेवी ने गोशाला के लिए दिए 11 हजार



**सिलवानी।** अंचल के मुआर ग्राम में संचालित की जा रही गोशाला के संचालन के लिए भटपुरा ग्राम के समाजसेवी के द्वारा दान राशि संचालक मंडल को भेंट की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम भटपुरा निवासी युवा समाजसेवी सत्येंद्र रावत के द्वारा बुधवार को ग्राम मुआर पहुंचकर श्रीजगदंबा गौशाला के संचालन व चारा पानी के लिए 11 हजार रुपए की राशि भेंट की। इस मौके पर गौशाला समिति व ग्रामीण मौजूद रहे। समिति ने रावत का आभार माना।

### बार-बार लगता रहा बाजार में जाम, यातायात कर्मी पॉइंट से रहे नदारद

# राखी बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़, गंजबाजार भरा रहा खचाखच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के गंजबाजार में रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर राखी का बाजार गुलज़ार हो चुका है। आगामी 9 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन होने से बाजार में बुधवार को खरीददारी को लेकर काफी भीड़ उमड़ी। लोग राखी, मिठाई सहित दूसरी आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए पहुंचे। इनमें शहर सहित आसपास के गांवों से भी लोग आए हुए थे। इसके चलते बड़ी संख्या में वाहनों की पार्किंग सड़क पर कर दी गई। इससे आवाजाही में परेशानी हुई और ट्रैफिक जाम भी लगता रहा।

सबसे अधिक परेशानी गंजबाजार और पास के मुख्य मार्ग व श्रीरामलीला गेट के सामने आई आवाजाही में अधिक परेशानी हुई। लेकिन यातायात को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक कर्मी घंटों नदारत रहे।

### कार ने बाइक चालक को मारी टक्कर, कार से मारपीट

सड़क पर बार-बार लग रहे जाम की वजह से बुधवार की शाम करीब 4.30 बजे पाटनदेव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार चालक द्वारा वन परिसर के सामने एक बाइक चालक युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिर गया। गुस्साई भीड़ ने कार चालक को नीचे उतार कर जमकर धुनाई लगा दी, लेकिन यातायात के जिम्मेदार भीड़ को नियंत्रित करने नहीं पहुंचे। यह समस्या आज की नहीं है बल्कि रोजाना चलने वाले वाहनों की वजह से छुटपुट सड़क के एक्सीडेंट होते रहते हैं। जो किसी दिन बड़ा विवाद का कारण बन सकता है।



**दुकानों के सामने दो पहिया वाहनों की भरमार**

*शहर के बाजार में कपड़ा, सराफा दुकानों और राखी बाजार की दुकानों के सामने जगह-जगह दो पहिया तीन पहिया वाहनों की भरमार रही। जिससे फुटपाथ पर पैदल चलने वालों और ग्राहकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। राखी विक्रेता लखन चक्रवर्ती, रामबाबू पटवा, श्याम अग्रवाल, विजय, संजय राठौर ने बताया कि इन वाहनों की वजह से सड़कें सकरी हो गई, जिससे वाहनों के खड़े रहने से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।*

### बसों में बढ़ी भीड़, यात्रियों को झेलना पड़ी परेशानियां

शनिवार 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व को लेकर लोगों की आवाजाही भी अधिक होती है। बसों में बहनों का मायके में आने का सिलसिला शुरू हो चुका है, लेकिन त्यौहारी सीजन में भीड़ बढ़ने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई। ग्रामीण क्षेत्रों में एक बाइक पर 4-4 लोग तक बैठकर जाते हुए देखे गए। इनके अलावा ऑटो भी शहर की सड़कों पर क्षमता से अधिक सवारियां लेकर निकलते रहे।

सागर भोपाल स्टेट हाईवे सागर भोपाल तिराहा इंडियन चौराहा महामाया चौक गंज बाजार के सामने ऑटो चालक पार्किंग के अभाव में खड़े रहे।जिससे बार-बार दिन भर वाहनों की जाम की स्थिति बनी रही दो पहिया वाहन चालकों को सड़कों पर वाहन चलाने में परेशानी खडी हुई। गंज बाजार में राखी बाजार में जाने के लिए बेधड़क घुसते नजर आए।जिससे राखी व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।



**सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहन बने जाम के कारण**

*शहर के गंजबाजार के सामने और रामलीला गेट के करीब सागर भोपाल चौराहे पर और महामाया चौक के फुटपाथ पर चार पहिया वाहन खड़े रहे। वाहन पार्किंग के अभाव में लोगों को सड़क जाम की समस्या से जूझना पड़ा। यह वहां अधिकारियों और व्यापारियों के वाहन खड़े रहे, जो यातायात व्यवस्था को बाधित करते रहे लेकिन इन्हें हटाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जिम्मेदार और पुलिसकर्मी दूर तक दिखाई नहीं दिए।*

**इनका कहना है**

शहर में ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने लगातार कोशिशें की जा रही हैं। गुरुवार से स्टॉपर लगवा कर राखी बाजार के यातायात को सुधारा जाएगा।

**- लता मालवीय,** सिटी ट्रैफिक प्रभारी

### स्टेट हाईवे 44 पर देर रात हुआ हादसा

# डंपर में पीछे से घुसी कार दो चचेरे भाईयों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लगातार हो रहे हादसों में जानमाल का भारी नुकसान हो रहा है। ताजा मामला मंगलवार रात करीब 11 बजे गैरतगंज रोड़ पर हुआ जहां रेत से भरे डंपर में पीछे से एक कार घुस गई। हादसे में दो चचेरे भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गैरतगंज स्टेट हाईवे 44 पर सलीम ढाबा के पास देर रात एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 2 चचेरे भाईयो की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ईको कार नंबर एमपी 15 जेड एल 4153 तेज रफ्तार में सामने जा रहे रेत के डंपर नंबर आरजे 17 जीबी 0397 से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से डंपर में फंस गई और करीब 400 मीटर तक घिसटती चली गई।

### सब्जी लेने गए थे दोनों भाई

हादसे में कार सवार 24 वर्षीय चंद्रभान पटेल पिता नंदकिशोर और 21 वर्षीय सत्यम पटेल पिता युगल किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों रायसेन के गौरझामर गांव के रहने वाले थे और सब्जी का व्यापार करते थे। वे सब्जी लेने भोपाल जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर चालक ढाबे पर रुकने गाड़ी धीरे कर रहा था, तभी पीछे से कार आकर उसमें जा घुसी। शव कार में बुरी तरह फंस गए थे। पुलिस ने मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला तथा पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीएम के पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

**3 दिन में हुए 4 हादसे, 3 की मौत, 5 घायल**

बीते 3 दिन से लगातार 4 हादसे चुके है। इन हादसों में 3 युवकों की मौत हो चुकी है, जबकि 5 घायल हुए है। सिलवानी थाना क्षेत्र मे हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। लेकिन ना तो हादसों के कारणों की पड़ताल की जा रही है ना ही हादसों को रोकने प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे है। हादसों से लोगों में भय देखा जा रहा है।

**हादसो की घाटी बनी जमुनिया व सियरमऊ घाटी-**

स्टेट हाईवे 44 पर स्थित जमुनिया घाटी तथा स्टेट हाईवे 15 पर स्थित सियरमऊ घाटी हादसों की घाटी बन चुकी हैं। दोनों ही स्थानों पर अंधे तथा खतरनाक मोड़ होने के कारण साल भर में अनेकों हादसे होते है। इन हादसों में जान माल का भारी नुकसान होता है। घाटी पर स्थित अंधे मोड़ों को सीधा करने की मांग की जा चुकी है। लेकिन प्रशासन मांग को लगातार नजर अंदाज कर रहा है। फलस्वरुप अंधे मोड़ मौत के मोड़ बनते जा रहे है।

# गौसेवा में नई शुरुआत रेडियम बेल्ट अभियान का हुआ आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

गाय हटें नहीं बचें इसी सोच को साकार करने के लिए नगर में नवाचारपूर्ण और जीवन रक्षक अभियान रेडियम बेल्ट का शुभारंभ हुआ। सोमवार शाम को सड़कों के किनारे बैठी लगभग 150 गौमाताओं को रेडियम बेल्ट पहनाए, जिससे आने-जाने वाले वाहन उन्हें अंधेरे में भी स्पष्ट देख सकें और दुर्घटनाओं से उनकी जान बच सके।

इस अभियान में पुलिस प्रशासन, हिंदू जागरण मंच, टीम संकल्प ओर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के सदस्य उपस्थित रहें। जिनकी उपस्थिति ने इस सेवा कार्य को और अधिक ऊर्जा और समर्थन दिया। सदस्यों ने बताया कि यह केवल एक शुरुआत है। जब तक सड़कों पर रहने वाली हर गौमाता को अंधेरे में सुरक्षा की एक चमक न मिल जाए।

### गड्ढे में गिरकर युवक घायल, विदिशा रेफर

**सलामतपुर।** मंगलवार रात्रि करीब पौने 11 बजे बाइक क्रमांक यूपी 93 बीएम 0774 से झांसी जा रहे आकाश पिता गोपाल देवलिया रास्ते में सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के गहरे गड्ढों में स्कूटर का अगला पहिया जाने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए एवं पीछे बैठे परिवार के सदस्यों को भी चोटें आईं हैं। सांची अस्पताल में आकाश के रिश्तेदारों के पहुंचने के बाद उसे घायल अवस्था में विदिशा रेफर किया गया।

# बाड़े के विवाद में बुजुर्ग दादी को पोते ने किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

राजीव नगर मोहल्ले में एक पोते ने अपनी 85 साल की बुजुर्ग दादी को ज़मीन पर पटक कर गंभीर घायल कर दिया। बुजुर्ग महिला के माथे पर गहरा घाव हो गया। पुलिस ने आरोपी पोते प्रेम सिंह अहिरवार पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी बसंतीलाल पिता पन्नालाल अहिरवार निवासी ग्राम मुरलीखेड़ी हाल निवासी राजीव नगर ने थाने आकर जानकारी दी कि उनके बड़े बेटे प्रेम सिंह ने उनकी मां बटरी बाई जिनकी उम्र 85 वर्ष को धक्का देकर ज़मीन पर पटक दिया। जिससे उनके माथे पर गहरा घाव हो गया। वहीं पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।



**मुरलीखेड़ी में बाड़े की ज़मीन बेचने पर हुआ विवाद**

*बसंतीलाल अहिरवार मुरलीखेड़ी, गाडरखेड़ी और नरोदा गांव चौकीदार के पद पर पदस्थ थे। उन्होंने अपनी चौकीदार अपने बेटे को दे दी। उनकी मां बटरी बाई के हिस्से में मुरलीखेड़ी में बाड़े की ज़मीन थी। उसमें से आधा बाड़ा आरोपी प्रेम सिंह अहिरवार में 90 हजार रुपए में बेच दिया। इसी बात को लेकर इनका राजीवनगर में विवाद हुआ और पोते प्रेम सिंह अहिरवार ने अपनी बुज़ुर्ग दादी बटरी बाई को ज़मीन पर धक्का देकर पटक दिया। गिरने पर उनका सिर पत्थर पर पड़ा और माथे पर गहरा घाव हो जाने से वह ज़ख्मी हो गईं।*

### भाजपा के राज में बढ़ती गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**रायसेन।** प्रदेश सरकार के भाजपा राज्य में तेजी से गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेसियों ने बुधवार को दोपहर जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम पल्लवी वैद्य को ज्ञापन सौंपा। यह विरोध प्रदर्शन गैरतगंज ब्लॉक कांग्रेस के बैनर तले किया।

ज्ञापन में बताया कि बीते 15 जून को ड्यूटी पर तैनात गैरतगंज बीएमओ अनिष्ट लाल के साथ गैरतगंज नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय संजू जैन द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। बताया जाता है कि पुलिस रिकॉर्ड में दोनों आरोपी फरार हैं, जबकि वह स्वतंत्र घूम रहे हैं।

नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई बकायदा कुर्सी पर बैठकर निर्माण कार्य और वित्तीय कार्यों की फाइलों पर साइन भी कर रहे हैं जो सरासर गलत और अनुचित है। दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में लालजी राम ठाकुर, रामबाबू लोधी मुजीब अंसारी, कंवलजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### गड़ों को सूखने से बचाने क्षेत्र के किसान वैकल्पिक साधनों का ले रहे सहारा

# 10 दिनों से बारिश नहीं होने से सूखे खेत में बने धान के गड़े, किसान हो रहे चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में बीते 10 दिनों से बारिश नहीं होने से धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। इस समय क्षेत्र में उमस और गर्मी पड़ रही है। रात में धान के गड़े भरते हैं सुबह खाली हो जाते हैं। फसलों को सूखे से बचाने किसान वैकल्पिक साधनों से सिंचाई कर फसलों को बर्बाद होने से बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

किसानों को 6 से 8 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो रही है, इतने कम समय में धान के गड़े नहीं भर पा रहे हैं। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, नरखेड़ा, कुलहड़िया सहित आसपास गांवों के किसानों ने कहा कि रोपाई के समय मानसून की सकारात्मक स्थिति देख काफी खुश थे। खुशी-खुशी खेतों में धान की रोपाई भी की। रोपाई के समय हुई बारिश ने सोने पर सुहागा का कार्य किया, लेकिन जुलाई के चौथे सप्ताह और अगस्त के पहले सप्ताह में बारिश नही होने से अच्छी पैदावार होने की उम्मीद टूट रही है। अगर एक या दो दिन में बारिश नहीं हुई तो धान फसल पर असर पड़ना प्रारंभ हो जाएगा।



क्षेत्र के किसानों ने कि पिछले कई सालों से अच्छा उत्पादन और उचित समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण कर्ज बढ़ता जा रहा है। 10% किसानों की धान रोपाई अभी भी नहीं हो पाई है। हालांकि क्षेत्र में 90% किसानों ने अपने खेत में धान और सोयाबीन लगा दिया है। कई किसानों ने धान तो रोप दी मगर पानी नहीं गिरने के कारण पीली पड़ने लगी है।

किसान निवास मीना, आकाश साहू, सुरेश साहू, दिनेश साहू, जितेंद्र साहू ने बताया कि अच्छी बारिश की उम्मीद में धान की रोपाई की थी। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने पर रोपाई ट्यूबवेल से पानी दे रहे है।

### 31 अगस्त तक डेढ़ लाख किसानों को जारी किए जाएंगे कार्ड

# खाद की कालाबाजारी रोकने अब किसानों को मिलेंगे डेबिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में खाद की कालाबाजारी किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे। क्योंकि जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अब किसानों को डेबिट कार्ड बना कर देगी। जिससे खाद की काफी हद तक कालाबाजारी पर रोक लग सकेगी। किसानों के डेबिट कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी कृषक सेवा सहकारी समिति प्रबंधकों को दी गई है। कार्ड सहकारी बैंक की शाखाओं में बनाए जाएंगे।

किसान समिति प्रबंधकों या फिर स्वयं बैंक की शाखाओं में जाकर कार्ड बनवा सकते हैं। जिले की सभी 113 समितियों में क्रेडिट कार्डधारी किसानों की संख्या करीब 1.55 लाख है। इन सभी को डेबिट कार्ड जारी किए जाने की योजना है।

### कार्ड की व्यवस्था लागू

खाद की कालाबाजारी रोकने केंद्रीय सहकारी बैंक अब डेबिट कार्ड की व्यवस्था लागू करने जा रहा है। बिना कार्ड के खाद लेने की छूट केवल अगस्त महीने तक रहेगी। अगले महीने समितियों से केवल वही किसान खाद ले सकेंगे, जिनके पास डेबिट कार्ड होगा।

बैंक की ओर से इस व्यवस्था पर सख्ती से अमल कराए जाने का निर्णय लिया गया है। किसानों के डेबिट कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक कृषक सेवा सहकारी समितियां में क्रेडिट कार्ड केजरिए जिले के डेढ़ लाख किसान खाद लेते हैं।इन सभी किसानों को 31 अगस्त तक डेबिट कार्ड बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। योजना के अनुसार स्वाइप मशीनें उपलब्ध करवा दी गई।

बैंक शाखा स्तर पर अभी तक 16 हजार डेबिट कार्ड बनाकर किसानों को बांटे जा चुके हैं। इनमें से ज्यादातर किसान कार्ड का उपयोग नहीं करते।

अगले सितंबर माह से रबी सीजन के लिए किसानों के खाद उठाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसीलिए अब जल्दी किसानों के लिए डेबिट कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी। बल्कि अब खाद लेने के लिए इस डेबिट कार्ड की अनिवार्यता तय की जाएगी।




**इनका कहना है**

*किसानों के नाम से फर्जीवाड़ा करते हुए खाद निकालने के कई मामले सामने आए हैं। सांची विकासखंड कुछ सहकारी समितियों में हुई अनियमितता पर कार्रवाई भी हुई है। अभी जून में ही करीब 25 किसानों के नाम जरूरत से ज्यादा खाद जारी की गई है। इसलिए डेबिट कार्ड से खाद निकालने की व्यवस्था पर सख्ती से अमल कराने की योजना बनाई गई है।*

*- **अंजुली धुर्वे,** सीइओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक रायसेन।*

**कार्ड के फायदे**

- डेबिट कार्ड से किसान तय लिमिट तक ही खाद ले सकेंगे।
- जरूरत से अधिक खाद लेकर कालाबाजारी नहीं हो सकेगी।
- किसानों के फर्जी हस्ताक्षर से खाद निकालना संभव नहीं होगा।
- किसानों को जारी खाद की जानकारी उनके मोबाइल फोन पर आएगी।
- खाद लेने के लिए किसानों को परमिट की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- किसान किसी भी समिति से कार्ड से खाद ले सकेंगे।

# 104 मरीजों की एक्स-रे मशीन से की गई टीबी स्क्रीनिंग जांच

### टीबी मुक्त भारत के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखण्ड के दीवानगंज के पास स्थित ग्राम कायमपुर में सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ यशपाल बाल्यान के निर्देशन में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षय रोग (टीबी) की जांच हेतु विशेष एक्सरे मशीन के माध्यम से चेस्ट एक्सरे कर टीबी स्क्रीनिंग की गई। शिविर में सात संभावित टीबी रोगी को चिह्नांकित किया गया।

डॉ रवि राठौर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सांची द्वारा बताया गया कि शिविर में 104 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग सघन टीबी मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत की गई। शिविर में बताया गया कि सिर्फ खांसी ही टीबी का लक्षण नहीं है इसके साथ अन्य लक्षण भी हो सकते हैं। टीबी इंफेक्शन की जांच हेतु 23 लोगों का ब्लड जमा भी करवाया गया। जिसमें पॉजिटिव आने पर टीपीटी उपचार दिया जाएगा।



शिविर का संचालन जिला क्षय अधिकारी डॉ यशपाल बाल्यान की निगरानी में किया गया। शिविर में कुल 104 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे की कार्रवाई की गई, जिसमें से 7 संभावित रोगियों के सैम्पल जांच के लिए भेजे गए है।